हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# खबरों का दंगल

UPHIN/2022/82431

हमारा सच, आपका विश्वास

लखनऊ
वर्ष : 3
अंक : 372
पृष्ठ : 8, मूल्य : 01 रूपए
गुरूवार,18 अप्रैल 2024

E-mail:-khabrokadangal@gmail.com
www.khabarokadangal.com



पेज : 02 भाजपा का गाजियाबाद से गाजीपुर..
पेज : 7 नारायण पर भारी बटलर की पारी...

## संक्षिप्त समाचार

### आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए केसीआर को नोटिस

**नयी दिल्ली/हैदराबाद।** भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कथित तौर पर चुनाव संहिता का उल्लंघन करने को लेकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस नेता निरंजन रेड्डी ने सिरसिला चुनाव बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बारे में कथित अनुचित टिप्पणियों के लिए श्री राव के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत के जवाब में ईसीआई ने मंगलवार रात श्री राव को नोटिस जारी किया।

### पिता की हत्या के मामले दो बेटे गिरफ्तार

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में दो बेटों ने जमीन विवाद को लेकर पिता की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार इंदार थाना क्षेत्र के ग्राम शिमलाई में शिवराम और हल्के लोधी ने अपने पिता की कल रात जमीन विवाद को लेकर लाठियों से पीट पीटकर हत्या कर दी। दोनों आरोपियों में पिता को ट्रैक्टर से ले गए तथा पैतृक गांव शिम लाई में अपने पुराने मकान पर ले जाकर लड़कियों से पीठ पीठ कर उसकी हत्या कर दी। सबेरे मृतक का शव देख कर ग्रामीणों ने उसके तीसरे बेटे जयपाल को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शिवराम एवं हल्के को गिरफ्तार कर लिया है।

### नवीन दो विधानसभा सीटों से लड़ेंगे चुनाव

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पारंपरिक हिंजिली विधानसभा सीट के अलावा कांटाबांजी सीट से चुनाव लड़ने की बुधवार को घोषणा की। श्री पटनायक ने 11 विधानसभा सीटों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जबकि पहले घोषित दो विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों को बदल दिया। नवीनतम सूची के साथ सत्तारूढ़ बीजद ने अब तक पांच चरणों में होने वाले मतदान के लिए 126 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है और बाकी 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम अभी तय नहीं किए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले 2019 के विधानसभा चुनाव में श्री पटनायक ने हिंजली और बीजेपुर दोनों विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी।

# लोकसभा की 102 सीटों पर आज थम जाएगा प्रचार का शोर

## पहले चरण में 8 केंद्रीय मंत्री, कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के 21 राज्यों और केंद्रीय शासित प्रदेशों में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का पहला चरण होगा जिसके तहत 102 सीटों पर मतदान होगा।




पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने की आस लगाये बैठे हैं। गडकरी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख मतों से और 2019 के चुनावों में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के वर्तमान प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख मतों से हराकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दूसरी बार लगातार नागपुर सीट से विजयी बनाया था। केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव मैदान में हैं। 52 वर्षीय भाजपा नेता 2004 से तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

अरुणाचल पश्चिम लोकसभा सीट पर रीजीजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की अरुणाचल प्रदेश इकाई के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का टिकट कटने के बाद राज्यसभा सदस्य सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा गया। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद है, जहां केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान का मुकाबला समाजवादी पार्टी (सपा) के हरेंद्र मलिक और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति से है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल और दो बार के सांसद जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने की उम्मीद लगाये हुए हैं। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव को राजस्थान की अलवर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। यादव का मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक ललित यादव से है। अलवर सीट से मौजूदा सांसद बालक नाथ का टिकट कट गया है। राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल से है। तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर द्रमुक सांसद एवं पूर्व दूरसंचार मंत्री ए राजा का मुकाबला भाजपा के एल मुरुगन से है जो केंद्रीय मत्स्य राज्य मंत्री हैं। मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम कांग्रेस के टिकट पर पुन- मैदान में हैं और उनका मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है।

# लोकसभा चुनाव: आम आदमी पार्टी ने आप का राम राज्यवेबसाइट की शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने 'राम राज्य' को लेकर अपनी अवधारणा जाहिर करने के उद्देश्य से बुधवार को एक वेबसाइट आप का राम राज्य शुरू की और कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में भगवान राम के आदर्शों को साकार करने की कोशिश की है।



19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत से पहले और संयोगवश आज देशभर में रामनवमी के त्योहार पर आप ने यह वेबसाइट शुरू की। एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह वेबसाइट 'आप' की 'राम राज्य' की अवधारणा को प्रदर्शित करने के साथ-साथ केजरीवाल सरकार द्वारा किये गये कामकाज की भी जानकारी देगी। सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने राम राज्य की अवधारणा को साकार करने के लिये पिछले दस सालों में दिल्ली में अच्छे स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त पानी और बिजली तथा महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार है कि रामनवमी के मौके पर केजरीवाल अपने लोगों के बीच में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री को झूठे गवाहों के बयानों के आधार पर निराधार मामले में जेल भेजा गया है। संवाददाता सम्मेलन में आप नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह भी मौजूद थे।


# 2014 में आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी लेकर आए

## असम के बोरकुडा मैदान में बोले प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नलबाड़ी ( असम )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह 2014 में लोगों के बीच आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी लेकर आए।

यहां बोरकुडा मैदान में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर में सूर्य तिलक समारोह के साथ 500 वर्ष बाद उनका जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इससे पहले मोदी ने बुधवार को राम नवमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा, यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या में



भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। राम नवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या अप्रतिम आनंद में है। उन्होंने कहा, हम अयोध्या में उत्सव में शामिल नहीं हो सकते, लेकिन हमें अपने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर और भगवान राम की पूजा करके इस कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले पांच साल तक बिना किसी भेदभाव के सभी को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों का आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज किया जाएगा। मोदी यहां तीन निर्वाचन क्षेत्रों के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने आए थे, जिनमें बारपेटा से असम गण परिषद के प्रत्याशी फणी भूषण चौधरी, कोकराझार से यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल के उम्मीदवार जयंत बसुमतारी और गुवाहाटी से भाजपा की प्रत्याशी बिजुली कलिता मेधी शामिल हैं। तीनों उम्मीदवार रैली में मौजूद थे।

### नक्सलियों ने की भाजपा नेता पंचम दास की हत्या

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के बाद नारायणपुर में मंगलवार रात नक्सलियों ने कायराना करतूत को अंजाम दिया है। राज्य में बस्तर सीट पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से ठीक दो दिन पहले नक्सलियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं उप सरपंच पंचम दास की कल देर रात कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी है। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने आज बताया कि यह वारदात स्थानीय नक्सलियों ने नहीं की है बल्कि बाहर से आये हुए नक्सलियों न ही है। पिछले कई दिनों से पीड़ित दास नक्सलियों के निशाने पर थे। नक्सली उन्हें पहले भी जान से मारने की धमकी दे चुके थे। कल देर रात सादे कपड़ों में कुछ नक्सली उनके घर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने पहले घर का दरवाजा तोड़ा।

# अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से ही लड़ेंगे चुनाव?

## ● आज कर सकते हैं ऐलान

एजेंसी

**लखनऊ।** यूपी की कन्नौज लोकसभा सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने को लेकर चल रही अटकलबाजी पर गुरुवार को विराम लग सकता है। सूत्रों की मानें तो अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज आ रहे हैं।

यही नहीं सपाइयों का दावा है कि अखिलेश यादव इस दौरान यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा कर सकते हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि 23 अप्रैल को नामांकन कराने की तैयारी है। वहीं बीते दिन अखिलेश यादव ने कन्नौज में प्रचार के दौरान पूछे जाने पर खुलकर ऐलान तो नहीं किया, लेकिन इशारों में कन्नौज से लड़ने का इशारा किया था। उन्होंने कहा था कि कन्नौज से दो दशक से



भी ज्यादा पुराने रिश्ता है। कन्नौज मेरा घर है इसे नहीं छोड़ सकता है। दरअसल, कन्नौज लोकसभा सीट से अखिलेश यादव लड़ेंगे कि नहीं इसको लेकर संशय बना हुआ। पहले चर्चा चली कि अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव लड़ेंगे। इसके बाद सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के भाई रणवीर सिंह के पौत्र तेज प्रताप यादव को कन्नौज से प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा तेज हुई। कहा जाने लगा कि अगर अखिलेश यादव ने कन्नौज से चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया तो संभव है कि वहां से तेज प्रताप यादव को उतार दिया जाए। हालांकि तेज प्रताप को लेकर रामपुर से प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा भी थी। चर्चा है कि कन्नौज में सपा की देरी प्लान के तहत है। लोगों का कहना है कि अखिलेश इससे पहले दौरे में इशारा किया था।

इस दौरान यहां से चुनाव लड़ने का ऐलान कर सकते थे पर नहीं किया इसके पीछे वजह थी कि सपा को लगाता था कि बीजेपी सुब्रत पाठक की जगह किसी और प्रत्याशी बना देती। यहीं नहीं अगर कन्नौज से अखिलेश यादव चुनाव लड़ने का ऐलान पहले कर देते तो सपाइयों का सारा फोकस कन्नौज पर हो जाता है। ऐसे में दिक्कत होती है। हालांकि यह तो लोगों के तर्क हैं।

### बच्चे को बेचने के मामले में मां सहित तीन गिरफ्तार

**कोल्हापुर।** गोवा में एक महिला को अपनी एक साल की पुत्री को एक लाख रुपये में एक दम्पति को बेचने के आरोप में दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया है। लक्ष्मीपुरी पुलिस के मुताबिक महिला की पहचान पूनम दिलीप ढेंगे के रूप में हुई है, जो अपने पति दिलीप विलास ढेंगे से अलग होने के बाद पिछले एक साल से इस जिले की हटकनंगले तहसील के पट्टनकोडोली में अपनी मां के साथ रह रही है। आरोपी महिला के पति दिलीप को जब पता चला कि उसकी पुत्री को बिना बताए गोद दे दिया गया है तो उसने पुलिस को सूचना दी। पत्नी पूनम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पूनम ने कबूल किया कि उसने अपने दोस्त और एक मध्यस्थ की मदद से अपनी पुत्री को गोवा में एक दम्पति को एक लाख में बेचा है।

# करोड़पति का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं

## राहुल का कर्नाटक में वादा- मनरेगा शहरों में भी करेंगे लागू

एजेंसी

**बैंगलोर।** कर्नाटक के मांड्या में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो अप्रेंटिस का अधिकार अपने युवाओं को देने जा रही है। हिन्दुस्तान में हम 400 रुपए प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी करेंगे...मनरेगा योजना हम गांव के साथ शहरों में भी लागू करेंगे। किसानों ने मुझसे कहा कि करोड़पतियों का कर्ज माफ हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के 25 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया है, यानी पैसा मनरेगा के 24 साल के लायक है। किसान पूछ रहे हैं कि करोड़पति का कर्ज माफ हो



सकता है तो किसानों का क्यों नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन है, जिन्होंने हिंदुस्तान को संविधान और लोकतंत्र दिया। दूसरी तरफ आरएसएस-बीजेपी है जो संविधान, लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं और देश के हर एक संस्थान में अपने लोगों को डाल रहे हैं। बीजेपी के लोग अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। हम आम जनता, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकार चलाते हैं। भारत में पहली बार, कांग्रेस द्वारा किसानों को कानूनी रूप से गारंटीकृत न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। कर्नाटक में किसानों, महिलाओं के लिए काम करेंगे।

# बसपा विधायक तोड़कर कांग्रेस, भाजपा लोकतंत्र खत्म कर रही हैं: मायावती

एजेंसी

**अलवर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि जनता द्वारा चुनकर आने वाले विधायकों को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार तोड़कर लोकतंत्र को खत्म कर रही है। सुश्री मायावती ने बुधवार को अलवर में बसपा के राजस्थान में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये कहा कि अभी हाल में ही राजस्थान में बसपा के चुने हुये दो विधायक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट में चले गये। उन्होंने आरोप लगाया कि यह काम भाजपा के इशारे पर तोड़फोड़ की गयी है, और यह तोड़फोड़ अब बंद



की जायेगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद इसके लिये एक कानून बनाया जायेगा और चाहे एक विधायक हो चाहे, एक सांसद हो, जो भी अपनी मूल पार्टी से दूसरी पार्टी में जाएगा उसकी सदस्यता समाप्त की जायेगी। उन्होंने कहा कि जब भी बसपा सरकार में आयेगी तो दल-बदल कानून को बदल जायेगा। इस तोड़फोड़ से लोकतंत्र की जड़ें कभी भी मजबूत नहीं होगी। सुश्री मायावती ने कहा कि इन चुनाव में कांग्रेस और बसपा के विरोध के कारण अकेले ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। बहुजन समाज पार्टी गरीब ,मजदूर ,पिछड़े वर्ग, मुसलमानों के बलबूते पर यह चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के कारण आज देश में गरीब, मजदूर ,पिछड़ा और मुस्लिम वर्ग खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार इस घमंड में न रहे कि केंद्र में उनकी आसानी से वापसी होगी। उन्होंने कहा कि न तो इस बार ईवीएम गड़बड़ी का काम चलेगा और न ही जुमलेबाजी और मोदी की गारंटी से काम चलने वाला नहीं हैं।

# यूपी में दूसरे चरण के 91 कैंडिडेट में 21 पर दर्ज हैं क्रिमिनल केस

## सपा का कोई उम्मीदवार बेदाग नहीं

एजेंसी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का नामांकन पूरा हो गया है। 26 अप्रैल को यूपी की 8 सीटों पर वोटिंग होंगी। दूसरे फेज में 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। हालांकि इससे पहले एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) और यूपी इलेक्शन वॉच ने मंगलवार को सभी 91 प्रत्याशियों की रिपोर्ट जारी कर दी। इस रिपोर्ट के मुताबिक सपा का कोई उम्मीदवार बेदाग नहीं है।

वहीं, सबसे अमीर मथुरा से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी हैं। जिनके पास 278 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। एडीआर और यूपी इलेक्शन वॉच ने की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण के 91 प्रत्याशियों में से 21 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल




केस दर्ज हैं। वहीं, 16 पर गंभीर मामले दर्ज हैं। सेकेंड फ्रेज के चुनाव में सपा के चार प्रत्याशी मैदान में हैं। इन सभी उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज है। दागी कैंडिडेट की इस में बसपा, कांग्रेस और भाजपा भी पीछे नहीं है। बसपा के 8 में से 3 प्रत्याशी दागी हैं। वहीं, भाजपा और कांग्रेस के 2-2 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 91 में से 42 प्रत्याशी करोड़पति हैं। बसपा के सभी 8 उम्मीदवार करोड़पति हैं। इसके अलावा भाजपा के 7, समाजवादी पार्टी के 4 और कांग्रेस के 3 प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक अमीर की बात करें तो मथुरा भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी हैं। उनके पास 278 करोड़ से अधिक

### ♦ सबसे अमीर हैं भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी

की संपत्ति है। वहीं दूसरे नंबर पर अमरोहा के भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर हैं। जिनके पास 214 करोड़ की संपत्ति है।

तीसरे नंबर पर गौतमबुद्ध नगर से वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा (83 करोड़) हैं। अगर सबसे कम संपत्ति वाले प्रत्याशी की बात करें तो मथुरा से निर्दलीय प्रत्याशी प्रवेशानंद पुरी हैं। यूपी इलेक्शन वॉच के मुताबिक दूसरे चरण के 91 प्रत्याशियों में से 33 उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के पास हैं, जबकि 52 उम्मीदवार ग्रैजुएट हैं।। वहीं 2 उम्मीदवारों ने डिप्लोमा किया की है। इसके अलावा 2 असाक्षर भी हैं।

### धर्मसिंह सैनी के भाजपा में शामिल होने से बढ़ी उम्मीदें

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के किनारा कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन फिर थामने वाले डा धर्म सिंह सैनी के आने से भाजपा की उम्मीदों में इजाफा हुआ है। डा. सैनी का राजनीतिक जीवन बसपा से शुरू हुआ था जहां वे तीन बार विधायक और मायावती सरकार में काबिना मंत्री रहे लेकिन 2017 में वह विधानसभा चुनाव से ठीक पहले स्वामी प्रसाद मौर्य आदि के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे और नकुड़ से विधायक चुने गए थे जहां उन्होंने धाकड़ मुस्लिम नेता इमरान मसूद को मामूली वोटों के अंतर से हराया था। योगी सरकार में वह स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री रहे।पिछले विधानसभा चुनाव के मौके पर भाजपा छोड़कर सपा ज्वाइन कर ली थी और कुछ सौ वोटों भाजपा के मुकेश चौधरी से पराजित हो गए थे।


## राहुल गांधी के साथ अखिलेश यादव ने बीजेपी पर बोला हमला

# भाजपा का गाजियाबाद से गाजीपुर तक होगा सफाया

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि इस समय बदलाव की हवा चल रही है और उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को पीडीए (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) हराएगा। अखिलेश ने कहा, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक



भाजपा का सफाया होने जा रहा है... बदलाव की हवा चल रही है। उन्होंने दावा किया, ष्भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला। विकास के वादे भी अधूरे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, चुनावी बॉण्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') एक नयी उम्मीद है। जिस दिन देश का किसान खुश हो जाएगा, उन्हें सही एमएसपी मिलेगी और उनकी आय बढ़ेगी, उस दिन से गरीबी खत्म होनी शुरू हो जाएगी।

## सहायता संगठन द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



खबरों का दंगल संवाददाता
संवाददाता सुभाष चंद्र

**लखनऊ।** सहायता एक धर्मार्थ गैर सरकारी संगठन है जो वंचित बच्चों और महिलाओं के लिए शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में काम करता है सहायता द्वारा प्रियदर्शिनी एक वार्षिक ग्रीष्मकालीन प्रदर्शनी है जो हमारी चल रही धर्मार्थ गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए लखनऊ में आयोजित की जाती है। यह संगठन है 1962 से अस्तित्व में है। हम चिकित्सा शिविर आयोजित करते रहे हैं, विकलांग व्यक्तियों की सेवा करते रहे हैं, प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के समय मदद करते रहे हैं, गरीब घरों की लड़कियों की शादी में मदद करते रहे हैं। फिलहाल हम मुख्य रूप से गरीब बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में काम करने और एक अंध विद्यालय की मदद करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे स्वयं के प्रयासों से और इन प्रदर्शनियों के माध्यम से एकत्रित धन का शत-प्रतिशत उपयोग धर्मार्थ गतिविधियों में किया जाता है।

## संक्षिप्त सामाचार

### ऋषि विहार इंदिरा नगर में हुआ अखंड रामायण का पाठ व भव्य भंडारा

**( खबरों का दंगल संवाददाता जितेंद्र दुबे ) लखनऊ।** बात उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की है जहां ऋषि विहार इंदिरा नगर के निवासियों ने रामनवमी के पावन अवसर पर अखंड रामचरितमानस का पाठ व भंडारे का आयोजन किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से डा. अनिल शुक्ला , राजीव राजभर, महेंद्र नाथ पांडे , रामाशीष मौर्य , सूर्यश्याम पांडे , अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र दुबे , पत्रकार धर्मेंद्र सक्सेना संजय मिश्रा , विकास मिश्रा , प्रदीप तिवारी , विनोद विश्वकर्मा ,गुड्डू सिंह , त्रिलोकी प्रसाद उपाध्याय , संजय मिश्रा , बहादुर साहू , शैलेंद्र पांडे सुग्रीव मौर्य, विपिन पाठक , विनोद सिंह बोरा, डी.पी सिंह, राजन सिंह ,सत्रोहन, गोविन्द गौड़, आदि उपस्थित रहे ।



### 18 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के आने के बाद बदलेगा मौसम

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पिछले कुछ दिनों से तेज धूप के साथ मौसम साफरह रहा है। इसके साथ चल रही तेज हवाएं लोगों के लिए परेशानी खड़ा कर रही हैं। धूप के कारण लोग दिन में चेहरे को ढक कर सड़क पर आवाजाही कर रहे हैं। बुधवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के बीच में रहा। पिछले दो दिनों से लखनऊ में सुबह तेज धूप से मौसम गर्म होना शुरू हो जाता है, लेकिन शाम के समय में हल्की ठंडी हवाएं भी चल रही हैं। इससे रात के समय में लोगों को राहत भी मिल रही है। देर रात तक न्यूनतम तापमान 25 डिग्री तक दर्ज किया गया है। सुबह से निकली तेज धूप से आज का भी मौसम गर्म रहेगा। ऐसे में लोग गर्म हवाओं से बचने के लिए जरूरी उपाय करने के बाद ही सड़क पर निकल रहे हैं।

### विपक्षी गठबंधन बिना दूल्हे की बारात जैसा: रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश सचिव मयंक त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन बिना दूल्हे की बारात जैसा है। गठबंधन में शामिल दल इतने घबराए हुए हैं कि बार-बार प्रत्याशी बदल रहे हैं। इसी घबराहट में उनका घोषणापत्र भी झूठ का पुलिंदा बन गया है। रालोद और भाजपा के गठबंधन के बाद विपक्ष यह समझ गया है कि पश्चिमी यूपी में उसका खाता भी नहीं खुलने वाला है। इससे यूपी में लोकसभा की सभी 80 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों की विजय तय है।

### जन्नतुल बकी के निर्माण के लिए विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** अरबी कैलेंडर के हिसाब से हर साल आठ शव्वाल को सऊदी अरब में मौजूद जन्नतुल बाकी के पुन: निर्माण के लिए राजधानी लखनऊ में मौलाना यासूब अब्बास और शिया समुदाय को ओर से सऊदी अरब हुकूमत के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया जाता है। बुधवार को शहीद स्मारक पे जन्नतुल बकी में रसूल-ए-इस्लाम की बेटी जनाबे फातिमा और इमामों के रौजों को ध्वस्त किए जाने के विरोध में प्रदशन किया गया। ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि लगभग 101 वर्ष पूर्व सऊदी अरब के शासक आले सऊद ने जन्नत-उल-बकी में मोहम्मद साहब के खानदान वालों और उनकी बेटी की कब्र को ध्वस्त करवा दिया था।

## रामनवमी के शुभ अवसर उतरेठिया व्यापार मंडल द्वारा 201 कन्याओं कन्या भोज कराया गया




खबरों का दंगल संवाददाता
संवाददाता सुभाष चंद्र

**लखनऊ।** रामनवमी के शुभ अवसर पर आज शिव मंदिर एल्डेको उतरेठिया रायबरेली रोड पर उतरेठिया अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने 201 कन्याओं का पूजन कराकर कन्या भोग कराया जिसमें सभी कन्याओं को प्रसाद एवं उपहार देकर आशीर्वाद लिया इस कार्यक्रम में उतरेठिया उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष ललित सक्सेना महिला अध्यक्ष बीनू मिश्रा जी वरिष्ठ महामंत्री श्याम साहू महामंत्री चंदन गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजपाल सिंह उपाध्यक्ष मेहताब कोषाध्यक्ष विकास शर्मा संगठन मंत्री दिग्विजय सक्सेना व्यापारी सर्वेश यादव संरक्षक श्री सत्येंद्र सिंह एवं नवनीत अरोरा जी मीडिया प्रभारी आरके मिश्रा जी एवं भारतीय जनता पार्टी से मंडल उपाध्यक्ष सरला दीदी बहुत सारा व्यापारी गण क्षेत्रवासी मौजूद रहा।

## फ्यूजन फेस्ट में खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिता की धूम

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित आईएमआरटी बिजनेस स्कूल में फ्यूजन फेस्ट के दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें आईएमआरटी समेत नेशनल, एलपीसीपीएस, एसएमएस, स्टडी हॉल, एलयू, एमिटी, राम स्वरूप और रामा कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतियोगिता में फुटबाल मैच, बैडमिंटन, 100 मीटर रेस व 200 मीटर, शॉटपुट, टग ऑफ वार में भाग लिया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सोलो सिंगिंग, बैटल ऑफ डांस, ग्रुप डांस, नुक्कड़ नाटक में हिस्सेदारी की। ओपन माइक में अर्थवा पाटिल ने गोल्ड, राहुल गिरि सिल्वर और इशिका जैन ब्रान्ज मेडल जीती। डांस में कृष मिश्रा ने गोल्ड, अर्थव भार्गव सिल्वर, नन्दिनी जैन ने ब्रान्ज मेडल हासिल किया। वहीं नुक्कड़ नाटक में आदित्य प्रधान गोल्ड, रिया भारती सिल्वर और प्रित्यान्शु तिवारी ने ब्रान्ज मेडल प्राप्त किया। कॉलेज ने विजेताओं और प्रतियोगी खिलाड़ियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया।

## पति-पत्नी ने आत्महत्या करने का किया प्रयास

# पति की मौत, पत्नी का चल रहा इलाज

एजेंसी

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में पत्नी से झगड़ा करने के बाद पति और पत्नी ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे काम करने पहुंचे युवक ने दरवाजा खुला देखा तो उसके होश उड़ गए।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया तो वहीं पत्नी का इलाज केजीएमयू में चल रहा हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बंथरा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर में रामभजन परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा नितिन विश्वकर्मा 38 वर्ष पत्नी पूनम के साथ रहता था। नितिन सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में




स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर काम करके परिवार का पालन पोषण करता था। बीते तीन दिनों से उसकी बहु पूनम के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बीती मंगलवार रात को घर पर दोनों में विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद नितिन ऑफिस पर चला गया, कुछ देर बहु भी बिना बताए घर से चली गईं। बुधवार सुबह उन्हें फोन पर जानकारी मिली कि बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। बहू अस्पताल में भर्ती है, जहां पर उसका इलाज जारी हैं। वहीं, शुरु वाती जांच पड़ताल में सामने आ रहा है कि ऑफिस में भी काफी विवाद हुआ, जिसके बाद नितिन ने पहले पूनम को दुपट्टे से फांसी लगाकर मारने का प्रयास किया लेकिन वह बेहोश हो गई।

नितिन ने उसे मृत समझकर खुद को भी दुपट्टे से फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पूनम की दूसरी शादी नितिन के साथ हुई थी, पूनम के पहले पति और पिता ने भी आत्महत्या कर ली थी। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि नितिन का शव कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। पूनम का केजीएमयू में इलाज चल रहा हैं। स्वास्थ में सुधार आने के बाद सही कारणों का पता चल सकेगा।

## एक्शन में एलडीए: अवैध निर्माण पर बड़ी कार्यवाही

# 06 व्यावसायिक निर्माण किये सील

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को प्रवर्तन जोन-2 व जोन-3 की टीम ने बड़ी कार्यवाही की है।

इस दौरान कृष्णानगर, पीजीआई, सरोजनीनगर, पारा, मानकनगर व काकोरी क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे 6 व्यावसायिक निर्माणों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि डॉ हरि प्रकाश व अन्य द्वारा कृष्णानगर के आजादनगर, पकरी में राजपूत हॉस्पिटल के पास लगभग 3000 वर्गफिट में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वहीं, अवधेश सिंह पुत्र आर0के0 सिंह व




अन्य द्वारा सरोजनीनगर में कानपुर रोड पर ओम सांई लॉन के सामने शांतिनगर में लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा श्रीकान्त साहू व विजय अग्रवाल द्वारा तेलीबाग में रायबरेली रोड पर लीला स्टील के सामने राम भरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज के अंदर लगभग 1600 वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन व्यावसायिक निर्माणों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे।

जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा उक्त अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन तीन के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि दीपक भल्ला व अन्य द्वारा मानकनगर के श्रृंगार नगर में लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था, जिसे पुन: सील किया गया। इसके अलावा अंकुर वर्मा व अन्य द्वारा पारा के सलेमपुर पतौरा में भगत सिंह कॉलेज के पास लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर हॉल, कमरें व दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, मोहम्मद कमाल खान व अन्य द्वारा काकोरी कस्बे में लगभग 2400 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों व हॉल का निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इसके अनुपालन में सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय शुक्ला व भानु प्रकाश वर्मा द्वारा प्रश्नगत स्थलों को सील कर दिया गया है।

## फतेहगंज में भी निकल गई बाइक रैली डीआईजी के आदेश अनुसार थाना पुलिस रही मुस्तैद

खबरों का दंगल संवाददाता
श्रीधर पटेल

**फतेहगंज।** पूरे देश में जगह-जगह राम जन्म के उपलक्ष्य में कई तरह के आयोजन किए गए। मंदिरों में सुबह से ही भीड़ का तांता लगा हुआ था उधर अयोध्या रामलला को सूर्य तिलक करवाया गया तो इधर चित्रकूट में 11 लाख दीपों से जलाए गए।

इसी उपलक्ष्य रवि शिवहरे ने फतेहगंज में भी बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें कई बाइक सवारों में झंडा व बैनर लगाकर फतेहगंज से बघेल वाली तक बाइक रैली निकाली जो डीजे लोग थिरकते नजर आए। इस रैली में ब्लॉक प्रमुख सहित क्षेत्र के कई प्रधानों ने भी युवाओं के साथ मिलकर युवाओं का जोश बराकर रखा। यह रैली फतेहगंज से बाघेलावारी तक निकाली गई जिसको कई जगह लोग रोक कर







स्वागत वा जलपान कराया। पूरे प्रदेश में लॉ एंड आर्डर को चुस्त दुरुस्त रखने हेतु डीआईजी ने पहले ही आदेश दिया था की कहीं कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए हर जगह सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सम्बंधित थाना प्रभारी भी पर्याप्त बल को लगाएं। जिसको मानते हुए थाना फतेहगंज थानाध्यक्ष रामजीत गौण ने भी सुरक्षा के एहतियातन उप निरीक्षक अवधेश को थाना पुलिस के साथ रैली में लगाया था।

## नेशनल में अंग्रेजी और फ्रेंच में डिप्लोमा कोर्स होंगे शुरू

**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज में दो नए डिप्लोमा कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। इसी सत्र से नए पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए जाएंगे। इसके अलावा कई कोर्स में विद्यार्थियों की डिमांड देखते हुए सीटें बढ़ाई गई हैं। नेशनल के प्रवेश समन्वयक प्रो. राकेश जैन ने बताया कि मास्टर इन पब्लिक हेल्थ कोर्स पहले से चल रहा है। इस कोर्स की काफी मांग भी है। इसमें काफी आवेदन आते हैं।

लिहाजा कॉलेज प्रशासन ने फैसला लिया कि इस कोर्स में सीटें बढ़ाई जाएंगी। अभी तक इस कोर्स में 30 सीटें थीं। अब सीटें बढ़ा कर 40 कर दी गई हैं। अब और प्रवेश इस कोर्स में लिए जा सकेंगे। इसके अलावा कॉलेज में डिप्लोमा इन फ्रेंच लैंग्वेज और इफेक्टिव कम्युनेशन इन इंग्लिश शुरू किए जा रहे हैं। सत्र 2024-25 में इन दोनों डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश लिया जाएगा। यह दोनों ही कोर्स छह-छह महीने के होंगे। दोनों कोर्स में 30-30

## भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन जन प्रतिनिधियों ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

खबरों का दंगल संवाददाता
निखिल विश्वकर्मा

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में पुराने लखनऊ के बालागंज में आदेश सिंह के चेंबर में वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर इस बार रिकार्ड मतों से जिताने का आवाहन किया । विधायक पंकज सिंह एवं नीरज बोरा ने राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र की अनगिनत उपलब्धियों को गिनाया । कहा कि राजनाथ सिंह ने आज प्रदेश की राजधानी लखनऊ को एक अलग पहचान दी । कार्यक्रम के आयोजक पार्षद अनुराग मिश्र अन्नू , की बी सिंह , वरिष्ठ अधिवक्ता आदेश सिंह ,विनय सिंह एवं बार कौंसिल यू पी के को वाइस चेयरमैन प्रशांत सिंह अटल ने भी राजनाथ सिंह के कार्यों की सराहना की । कहा कि इस बार पांच लाख से अधिक मतों से विजई बनाने का लक्ष्य है । विधायक पंकज



सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज पूरे समाज का एक निर्णायक वर्ग है । कहा कि मैं गिना नही सकता कि लखनऊ में जितना विकास कार्य हुआ उतना सोचा भी नही जा सकता था । हजारों करोड़ के एक्सप्रेस वे , फ्लाईओवर सहित मेट्रो का कार्य हुआ इससे आम जनता बखूबी वाकिफ है । बैठक में अधिवक्ता अशोक सिंह , राहुल सिंह , सुरेश पाण्डे , सी बी सिंह , ज्ञानेंद्र सिंह , विनय सिंह , संजय त्रिवेदी , उदय प्रताप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

# बाराबंकी 17 अप्रैल- इण्डिया गठबन्धन देश में भाजपा की लगाई नफरत की आग को बुझाने का काम कर रहा है

खबरों का दंगल संवाददाता

**बाराबंकी।** संसदीय क्षेत्र का चुनाव तनुज जो मेरे अनुज है उनके लिये मेहनत से काम करने का चुनाव है ये चुनाव जनपद में स्व0 रामसेवक यादव, बाबू बेनी प्रसाद वर्मा, बाबू राम चन्दर बख्श सिंह की विरासत को आगे बढाने का चुनाव है जिसे इण्डिया गठबन्धन का हर घटक दल पूरी मजबूती से साथ चुनाव में अपनी भागीदारी निभाकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के प्रयास में है। उक्त बाते उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संसदीय क्षेत्र बाराबंकी के प्रदेश प्रभारी जनाब सैफ अली नकवी ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन मे इण्डिया गठबन्धन के घटक दलों की संयुक्त प्रेस वार्ता मे कही प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी



के अध्यक्ष हाफिज अयाज, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के राज्य परिषद के सदस्य रणधीर सिह, सुमन एडवोकेट, जिला सचिव बृज मोहन वर्मा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के प्रदेश के प्रधान महासचिव अब्दुल रहमान लल्लू, (शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट) के जिला प्रमुख मनोज दिद्रोही, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मो0 मोहसिन, इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया, कांग्रेस प्रवक्ता सरजू शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने पत्रकरों से रूबरू होते हुये कहा कि यह चुनाव संसदीय क्षेत्र की जनता मजबूती के साथ लड़ रही है क्योंकि दस वर्षों की मोदी सरकार ने जनता को ठगने और छलने का काम किया है उनका जनता से किया हर वादा झूठा निकला है और आज उनका चुनावी घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है जिसमें नौजवान के रोजगार मंहगाई किसान के कर्जमाफी की कोई बात नहीं है जबकि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र जिसे न्याय पत्र का नाम दिया है वह देश के नौजवान किसान, मजदूर महिलाओं, सेना के नौजवानो के मान सम्मान की पहचान है जिसे जनता ने अपने दिल से लगा कर रक्खा है हमें पूरा विश्वास है कि जिस तरह का प्यार सहयोग समर्थन हमें मिल रहा है उससे इण्डिया गठबन्धन की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है और यह करिशमाई नतीजा हमारे गठबन्धन के साथियो की मेहनत से हो रहा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने पत्रकारों से रूबरू होते हुये कहा कि जनपद बाराबंकी समाजवादियों का गढ़ है संसदीय क्षेत्र का एक-एक समाजवादी पार्टी का नेता सिपाही पूरी जिम्मेदारी से इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ है और वह अपनी मेहनत से गठबन्धन के प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत दर्ज करायेगा। आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा विपक्ष को खत्म करने का प्रयास कर रही है लेकिन हम उसकी कभी किसी भी चाल से डरने वाले नहीं है, संविधान को बदलने की साजिश भाजपा पर भरी पड़ेगी संसदीय क्षेत्र बाराबंकी से इण्डिया गठबन्घन का प्रत्याशी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। शिव सेना उद्धव ठाकरे के गुट जिला प्रमुख मनोज विद्रोही ने कहा कि मोदी सरकार तानाशाही के राह पर चल रही है और जोड़ तोड़ करके जनता की चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम कर रही है हम इस निरंकुश सरकार को खत्म करने के लिये अपने आपसी मतभेदों को भुलाकर इण्डिया गठबन्धन का साथ देकर तनुज पुनिया को भारी मतों से जितायेंगे। भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के राजपरिषद के सदस्य रणधीर सिंह सुमन तथा जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने प्रेसवार्ता में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी को अपनी पार्टी का समर्थन देते हुये कहा कि हमारा एक-एक कार्यकर्ता गठबन्घन प्रत्याशी की जीत दर्ज कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।